No. of Printed Pages : 8

**DECE-1**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

01249

## Term-End Examination

## December, 2011

## DECE-1 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question No. 1 is* ***compulsory.*** *Answer* ***any other four*** *questions.*

1. A preschool teacher remarked, "It is very easy to make the daily schedule of activities for my group of three year olds. I come to the school and think for about 10 minutes in the morning what I want to do. Then those are the activities I carry out during the day".

   (a) In your opinion, is this a correct approach to plan and decide upon the activities to be done with preschoolers during the day ? Answer in detail giving reasons for your answer. **10**

   (b) State the basis and principles used while planning a weekly schedule of activities for preschoolers. **10**

   (c) Develop a schedule of activities for 3 days for a group of 3 year olds which reflects the principles you have described in part (b) above. **10**

(d) Justify your schedule by giving reasons for your choice of activities and your method of sequencing them once 3 days. **10**

2. A parent of a 5 year old child remarked, "My son wants to have only soft drink and chips for lunch and dinner. If I do not give him, he does not eat anything. So I give him what he wants".

(a) Is the parent right in accepting such demands of the child. Give reasons for your answer. **5**

(b) Discuss the different styles of parental behaviour in detail. What is the likely impact of each style on the child ? What style is being used by the parent in the example in part (a). **10**

3. (a) Parent of a 3 year old comments, "I believe in physical 'punishment to teach my child a lesson". Do you think this is an appropriate way of disciplining ? Give detailed reasons for your answer. **5**

(b) What alternative would you suggest to the parent ? **5**

(c) Why is it important for the toddler to develop a sense of autonomy ? **5**

4. As a preschool educator working with five year olds. State one activity each that you will organize with children to develop. **3x5=15**

(a) concept of time

(b) visual discrimination skills

(c) memory

(d) fine motor coordination

(e) feelings of empathy

Describe the content of the activity in detail and the materials required.

5. (a) State five ways through which the caregiver can foster the development of language in the first two years of the child's life. **10**

(b) Explain the meaning of the term 'sensori-motor period of development' by giving examples to clarify your answer. **5**

6. Explain in detail as a preschool educator how you will manage ? **3x5=15**

(a) a group of 35 children in the age group 4 years during the days activities.

(b) limited indoor space to conduct various daily activities.

(c) sudden change in your day's planning of activities due to bad weather. You had planned to discuss the variety of plants in the school campus during the outdoor nature walk.

7. Write notes (**350-400** words) on *any three* of the following : **3x5=15**

(a) Techniques of involving parents in activities of ECCE centre.

(b) Ego centrism during preschool years.

(c) Significance of art activities for children.

(d) Uses of language for children.

(e) Encouraging altruism in young children.

**डी.ई.सी.ई.-1**

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा

## सत्रांत परीक्षा

## दिसंबर, 2011

## डी.ई.सी.ई-1 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न 1* ***अनिवार्य*** *है। शेष में से* ***किन्हीं चार*** *के उत्तर दीजिए।*

**1.** एक शालापूर्व अध्यापिका का कहना है, "अपने तीन वर्षीय बच्चों के समूह के लिए गतिविधियों की दैनिक अनुसूची बनाना बहुत ही आसान है। मैं स्कूल आकर दस मिनट में यह सोच लेती हूँ कि आज मैं क्या करना चाहती हूँ। फिर उन्हीं क्रियाओं को मैं दिनभर बच्चों के साथ आयोजित करती हूँ।"

(a) आपकी राय में दिन भर शालापूर्व बच्चों के साथ की जाने वाली गतिविधियों की योजना बनाने संबंधी यह तरीका क्या सही है? अपने उत्तर के कारण बताते हुए विस्तार से उत्तर दीजिए। **10**

(b) बताइए कि आप शालापूर्व बच्चों के लिए गतिविधियों की साप्ताहिक अनुसूची की योजना किस आधार और सिद्धांतों पर बनाएंगे। **10**

(c) प्रश्न 'ख' में वर्णित सिद्धांतों को दर्शाते हुए तीन वर्षीय बच्चों के समूह के लिए तीन दिनों की गतिविधि की अनुसूची बनाइए। **10**

(d) आपके द्वारा चुनी गई गतिविधियों और तीन दिन तक उन्हें व्यवस्थित करने की विधि के कारण बताते हुए अपनी अनुसूची का औचित्य सिद्ध कीजिए। 10

2. एक पाँच वर्ष के बच्चे के माता का कहना है "मेरा बेटा दोपहर और रात के भोजन में सिर्फ सॉफ्ट ड्रिंक और चिप्स खाना पसंद करता है। यदि में उसे ये नहीं देती तो वह और कुछ भी नहीं खाता। इसलिए जो वह चाहता है मैं उसे वही देती हूँ।"

(a) क्या बच्चे की ऐसी माँगों को पूरा/स्वीकार करना माता के लिए उचित है? अपने उत्तर के कारण बताइए। 5

(b) माता-पिता के व्यवहार की विभिन्न शैलियों की चर्चा विस्तार से कीजिए। बच्चे पर प्रत्येक शैली का क्या प्रभाव पड़ सकता है? भाग 'क' के उदाहरण में माता - पिता द्वारा किस शैली का प्रयोग किया जा रहा है? 10

3. (a) एक तीन वर्षीय बच्चे के पिता का कहना है, "अपने बच्चे को सबक सिखाने के लिए मैं शारीरिक दंड देने में विश्वास करता हूँ।" 5

आपके विचार में क्या यह अनुशासित करने का उपयुक्त तरीका है? अपने उत्तर के कारण विस्तार से बताइए।

(b) अभिभावक को आप क्या विकल्प सुझाएंगे? 5

(c) 13 से 36 माह के बच्चे में स्वायत्तता की भावना विकसित करना क्यों महत्वपूर्ण है? 5

4. आप चार वर्षीय बच्चों के साथ शालापूर्व शिक्षक के रूप में काम कर रहे हैं। बच्चों में निम्नलिखित प्रत्येक के विकास के लिए आप जो एक गतिविधि आयोजित करेंगे-बताइए। 3x5=15

(a) समय की संकल्पना

(b) दृश्य-विभेदीकरण कौशल

(c) स्मरण-शक्ति

(d) सूक्ष्म-क्रियात्मक समन्वय

(e) समानुभूति की भावना

प्रत्येक गतिविधि की विषयवस्तु का विस्तार से वर्णन कीजिए और अपेक्षित सामग्री बताइए।

5. (a) वे पाँच तरीके बताइए जिनके माध्यम से आप बच्चे जीवन के प्रथम दो वर्षों में भाषायी विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। **10**

(b) 'विकास की संवेदी-क्रियात्मक अवधि' का अर्थ-स्पष्ट कीजिए। अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए उदाहरण दीजिए। **5**

6. विस्तार से बताइए कि एक शालापूर्व शिक्षक के रूप में आप निम्नलिखित की व्यवस्था कैसे करेंगे। **3x5=15**

(a) दिन की गतिविधियों के दौरान चार वर्ष की आयु वर्ग के 35 बच्चों का समूह

(b) विभिन्न दैनिक गतिविधियाँ आयोजित करने के लिए सीमित भीतरी स्थान

(c) खराब मौसम के कारण दिन की गतिविधियों की योजना में अचानक परिवर्तन। आपने बाहर प्रकृति का भ्रमण करने के दौरान स्कूल परिसर में लगे पौधों की किस्मों पर चर्चा करने की योजना बनाई थी।

7. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** पर (*350-400* शब्दों में) टिप्पणियाँ लिखिए : **3x5=15**

(a) ई.सी.सी.ई. केन्द्र की गतिविधियों में माता-पिता को शामिल करने की तकनीकें

(b) शालापूर्व वर्षों के दौरान अहं-केन्द्रिकता

(c) बच्चों के लिए कला-गतिविधियों का महत्व

(d) बच्चों द्वारा भाषा का प्रयोग

(e) छोटे बच्चे में परोपकारिता को प्रोत्साहित करना।

---